तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास : प्रकाश



14 एक खरीदी केंद्र में पहुंचा चना, तीन में बोहनी नहीं




## खबर संक्षेप

### आदिवासी समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**सिर्री।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र गातापार के तत्वावधान में 2 मार्च को परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन सुबह 10 बजे से ग्राम कोड़ेबोड़ के बाजार चौक में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवराखनलाल मरई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलंजन सिंह मंडावी करेंगे। समाजजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### देवांगन समाज सिर्री मंडल का वार्षिक सम्मेलन आज

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल वार्षिक सम्मेलन एवं मां परमेश्वरी महोत्सव 2 मार्च रविवार को ग्राम



इकाई हथबंद में रखा गया है जिसमें वार्षिक आय-व्यय की जानकारी भी दी जाएगी। कलश यात्रा निकालकर परमेश्वरी महोत्सव मनाया जाएगा। कलश सजाओ स्पर्धा के साथ ही समाज के वरिष्ठजनों, बुजुर्गों का सम्मान भी किया जाएगा।

### किसान यूनियन की बैठक 4 मार्च को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन जिला धमतरी की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल के सामने नेहरू गार्डन में रखी गई है। 19 मार्च को आयोजित किसान पंचायत धमतरी मेंराष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शामिल होंगे। यह जानकारी सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, महावीर साहू ने दी है।

### पेंशनरों की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में होगी। बैठक में पेंशनरों का जन्मदिन एवं नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी वीरेंद्र नाग जिलाध्यक्ष व मोतीलाल हिरवानी सचिव ने दी है।

### संशोधित समय सारिणी जारी

**आमदी(धमतरी)।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित होने वाली स्नातक परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली में प्रातः 7 से 10 बजे तक बीएससी, बीकाम भाग 2 एवं 3 की परीक्षा होगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक बीए भाग 2 एवं 3 की परीक्षा होगी। वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक चलेगी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्रथम पाली में कुल 141 एवं द्वितीय पाली में 83 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें।

### युवती ने की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार स्थानीय सोरिद भर्रीपारा निवासी दिव्या सिन्हा पिता जागेश्वर उम्र 24 वर्ष कपड़ा सिलाई का काम करती थी। युवती बीते 5-6 महीनों से बीमार चल रही थी। बीमारी से परेशान होकर युवती ने शुक्रवार को कपड़े की रस्सी का फंदा बना घर में लगी खिड़की पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

निगम दफ्तर को गंगाजल से धुलवाया, मत्था टेककर महापौर ने निगम कार्यालय में किया प्रवेश

# निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू सहित चालीस वार्डों के पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ










■ शपथ के बाद निगम कार्यालय के पास भाजपाइयों ने महापौर को चावल से तौला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा सहित 40 वार्डों के पार्षदों ने शनिवार की सुबह 11.30 बजे आमातालाब इंडोर स्टेडियम में शपथ ली। कलेक्टर नम्रता गांधी ने सबसे पहले महापौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद वार्डवार 8-8 पार्षदों के ग्रुप को पांच बार शपथ दिलाई गई। शपथ का कार्यक्रम 30 मिनट के अंदर पूर्ण हो गया।

शपथ लेने वाले पार्षदों में सूरज गहरवाल, उमा भागी ध्रुव, हिमानी साहू, नरेंद्र रोहरा, भारती साहू, श्यामलाल नेताम, रामेश्वर वर्मा, तल्लीनपुरी गोस्वामी, आशा लोधी, कुशल लोढ़ा, विजय मोटवानी, हेमंत बंजारे, रामेश्वरी कोसरे, नीलेश लुनिया, कोमल सार्वा, संतोष सोनकर, संजय देवांगन, अखिलेश सोनकर, अज्जु देशलहरे, ईश्वर सोनकर, दीपक सोनकर, प्रकाश सिन्हा, गजेंद्र कंवर, अनीता अग्रवाल, नम्रता पवार, सतीश पवार, चंद्रभागा साहू, युगलकिशोर यादव, राकेश चंदवानी, मेघराज ठाकुर, शैलेष रजक, पूर्णिमा रजक, मदन नेवारे, कुलेश सोनी, कौशिल्या देवांगन, सत्येंद्र विशु देवांगन, विभा चंद्राकर, सुमन मेश्राम, योगेश लाल, पूर्णिमा देवांगन शामिल हैं।



इस दौरान मंच पर जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व मंत्री कृपाराम साहू, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, पूर्व नपा अध्यक्ष डा.एनपी गुप्ता, कुंजलाल देवांगन, निर्मल बरड़िया, आमदी नपं अध्यक्ष ज्योति साहू, डा. हीरा महावर, भूपेंद्र सिंह सवन्नी, राजीव पांडे के अलावा कलेक्टर नम्रता गांधी, एसपी आंजनेय वार्ष्णेय आदि उपस्थित थे।

### शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य बिंदु

- प्रभारी मंत्री आधा घंटे पहले पहुंचे, कार्यक्रम के लिए इंतजार किया।
- सभी भाजपाई पार्षद कमल चिन्ह वाले गमछा तथा कांग्रेसी पंजा छाप वाले गमछा लटकाए थे।
- पार्षद योगेशलाल साउथ इंडियन ड्रेस में पहुंचे।
- मंचीय कार्यक्रम से पहले 6 पंडितों ने शंख बजाकर मंत्रोच्चार किया।
- मंच के साइड में सभी 40 पार्षदों के लिए बैठने की व्यवस्था थी।
- भाजपाइयों ने जय श्रीराम-वंदेमातरम के नारे लगाए।
- पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, विधायक ओंकार साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व सभापति अनुराग मसीह नहीं पहुंचे।
- मीडियाकर्मियों एवं पत्रकारों के लिए आरक्षित कुर्सी पर नेताओं ने जमाया कब्जा, पत्रकारों ने खड़ा होकर समाचार कवरेज किया।
- शपथ के बाद महापौर ने कार्यभार ग्रहण किया।
- महापौर ने पहली घोषणा में स्वच्छता दीदियों को एक दिन का अवकाश व 800 रुपए मानदेय में वृद्धि की।
- नगर विकास को प्राथमिकता, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, नालंदा परिसर की स्थापना, सड़क चौड़ीकरण, गोकुलनगर, स्मार्ट सिटी की घोषणा।











## संयुक्त टीम ने किया दुर्घटनाजन्य स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने दिए सुझाव

नेशनल व स्टेट हाईवे में घटित दुर्घटनाजन्य स्थलों का पुलिस, परिवहन व पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने निरीक्षण कर पुनरावृत्ति रोकने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के नेतृत्व में जिले में घटित गंभीर सड़क दुर्घटना स्थलों का संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान दुर्घटना स्थल ग्राम चर्रा कृषि महाविद्यालय के पास, सांधा चौक कुरूद, ग्राम कोड़ेबोड़, कल्ले मोड़, अग्रवाल कृषि केंद्र, दुर्गा मंच, हंचलपुर एवं तेलीनसत्ती यात्री प्रतीक्षालय के पास स्थित दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया।



टीम ने निरीक्षण में पाया कि अधिकांश दुर्घटना तेज गति से वाहन चलाने, रांग साइड पर वाहन चलाने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने के साथ-साथ दुर्घटना स्थलों पर सड़क सुरक्षा उपाय ब्रेकर, सूचनात्मक बोर्ड, चेतावनी परक बोर्ड व उक्त स्थलों पर रात्रि में दृश्यता की है। दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग को घटनास्थल में रंबल स्ट्रीप लगाने, सूचनात्मक, चेतावनी परक व दुर्घटनाजन्य स्थल का बोर्ड लगाने तथा ग्राम पंचायत से समन्वय बनाकर बेहतर दृश्यता के लिए लाइट लगाने पत्राचार करने कहा।

इस दौरान यातायात प्रभारी खेमराज साहू, परिवहन विभाग से एसआई फिरोज कुरैशी, पीडब्ल्यूडी से सहायक हरीश साहू, रूपेश साहू, सड़क सुरक्षा सेल से प्रआ चमनसिंह, आरक्षक ताराचंद बंजारे, हाइवे पेट्रोलिंग 01 से आरक्षक ईश्वर गायकवाड़, शेखर कुंजाम, हाईवे पेट्रोलिंग 03 से आरक्षक दीपक लहरे व ललित साहू उपस्थित थे।

## नगरी में हुआ पत्रकार पर जानलेवा हमला, पुलिस से कार्रवाई की मांग

■ बोलेरो सवार करीब 6 युवकों ने की मारपीट, बाइक में तोड़फोड़ कर खेत में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीते शुक्रवार को शाम करीब 4:30 बजे नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 1 में स्टेडियम के पास बोलेरो सवार करीब 6 युवक ने बाइक सवार जर्नलिस्ट यश जैन पर पीछे से बेल्ट से ताबड़तोड़ हमला किया। हमले के बाद यश जैन अपनी बाइक को रोककर खड़े हो गए । फिर बोलेरो से उतरकर युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बाइक में तोड़फोड़ कर खेत में फेंक दिया गया। कुछ महिलाओं के चिल्लाने पर बोलेरो सवार लोग गाड़ी में सायरन बजाते हुए निकल गए । दारू भट्टी में भी इन लोगों ने काफी हंगामा मचाया था। दारू भट्टी से ही आते समय यश जैन के साथ मारपीट की। महिलाओं के संरक्षण में रहने से यश जैन की जान बच गई। लोगों का कहना है कि गांजा और दारू के नशे में आजकल ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है। वाहन को गोरेगांव निवासी का बताया जा रहा है। उस गाड़ी में पुलिस सायरन भी लगा हुआ था।

इस मारपीट और धमकी के बाद यश जैन काफी डरे हुए हैं। उन्होंने घटना की रिपोर्ट नगरी थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। मारपीट करने वाले पुलिस की पहुंच से बाहर हैं। पुलिस को सीसीटीवी और गाड़ी की फुटेज उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि नगरी थाना में आए दिन इस तरह की घटन हो रही है। लोगों में भय है। पुलिस प्रशासन के सुस्त रवैये से दिनोंदिन नशाखोरी बढ़ती जा रही है। अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व भी एक पुलिस जवान पर चाकू से हमला किया गया था जिससे साबित होता है कि अपराधियों को पुलिस का कोई डर नहीं है।

25 फ्लाइंग स्क्वायड ने सभी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## हिंदी के सरल प्रश्नों से परीक्षार्थियों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ 7242 परीक्षार्थियों में से 37 अनुपस्थित रहे

शनिवार को हिन्दी विषय के पर्चा के साथ 12वीं बोर्ड के छात्रों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा देकर केंद्रों से निकले छात्रों के चेहर पर मुस्कान छाई रही। परीक्षार्थियों ने कहा कि हिन्दी का पेपर सरल आया था। पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नपत्र होने से कोई कठिनाई नहीं हुई बल्कि उत्तर लिखने के लिए समय कम पड़ गया।

शासकीय स्कूल हटकेशर केंद्र से परीक्षा देकर निकली छात्रा भूमि देवांगन, हर्षिता साहू ने बताया कि राज्य में रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्ती शुरू कर शिक्षित बेरोजगारी दूर करने मुख्यमंत्री को पत्र, संपादकीय का महत्व, रेडियो नाटक की विशेषता, कविता क्या है यह संगीत और चित्रकला से अलग कैसे है , आदि सरल प्रश्न पूछे गए थे। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न होने से हिन्दी का पर्चा सरल रहा। उत्तर लिखने के लिए समय कम पड़ गया।



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सीजी बोर्ड की परीक्षाएं 1 मार्च से शुरु हो गई। 12वीं की परीक्षा हिन्दी विषय से प्रारंभ हुई। 12वीं के लिए जिले में 82 केंद्र बनाए गए थे। 7249 परीक्षार्थियों में से 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। धमतरी में 13, कुरूद में 10, मगरलोड में 4 तथा नगरी ब्लाक में 10 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि कलेक्टर के दिशा-निर्देश में 25 फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया। किसी भी केंद्र में नकल का प्रकरण नहीं मिला है।

### कालेज की दो पाली में 43 छात्रों ने दी परीक्षा

पीजी कालेज के प्राचार्य विनोद पाठक ने बताया कि शनिवार को पहला पेपर पर्यावरण अध्ययन का रहा। पहली पाली की परीक्षा 7 से 10 बजे हुई। 25 परीक्षार्थियों में से 11 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली 3 से 6 बजे में 46 परीक्षार्थियों में से 17 अनुपस्थित थे।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक चालक घायल

**धमतरी।** नेशनल हाईवे से गुजर रहा बाइक चालक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दुष्यंत साहू पिता मानिकलाल उम्र 25 वर्ष ग्राम सांकरा संबलपुर थाना अर्जुनी निवासी शुक्रवार को किसी काम से शहर गया था, जहां रात्रि में बाइक में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए वापस अपने घर सांकरा लौट रहा था। इसी दौरान संबलपुर पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने आए वाहन को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर चोट को देखते हुए उसे रिफर कर दिया गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर प्रांगण पर मेला का हुआ आयोजन

**अमोड़ा।** विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम अमोडा में तालाब के पास स्थित शिव मंदिर में मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेला में अमोड़ा, रिसेवाड़ा, चनार और बनसागर के देवी-देवता भी शामिल हुए। यह मेला शिवरात्रि तक चला। शिव मंदिर के पुजारी जनार्दनपुरी गोस्वामी ने बताया कि शिव के प्रति भक्तिभाव पूर्वक इस मंदिर में भक्त पूजा करने के लिए सुबह और शाम आते हैं। शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

### दुर्घटना में युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र के 19 वर्षीय सुजाय मालकार का सड़क दुर्घटना में 27 फरवरी को मौत हो गया था। पीव्ही 103 आशुतोष नगर निवासी संजीत मालकार ने पुलिस को बताया कि मृजक सुजाय मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एबी 7198 में सवार होकर भजन कीर्तन देखने जा रहा हूं बोलकर घर से निकला था। मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में सुजाय का मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आमागढ़ का वार्षिक देव मेला 6 मार्च से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम आमागढ़ का वार्षिक देव मेला 6 मार्च से दो दिवसीय मेला प्रारंभ होगा, जिसका समापन 7 मार्च को होगा। ग्रामीण गायता बिसम राम राना, शिवलाल निषाद, भुपेश नरेटी, सतऊराम तारम ने बताया है कि मेले में आसपास के बारह गांव के डांग डोरी देवी देवता शामिल होते हैं और सभी डांग डोरी सहित आंगा देवता सहित मेले का ढाई परिक्रमा कर मेले का शुभारंभ किया जाता है।

## निधन

### बिरझुराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम गिरौद निवासी बिरझुराम साहू 87 वर्ष का 28 फरवरी शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी लीलाबाई साहू, पुत्र हीरानंद साहू, शिक्षक नामदेव साहू, रामेश्वर साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### रामलाल साहू



**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी रामलाल साहू उम्र 71 वर्ष का 1 मार्च शनिवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी तुलसीबाई साहू, पुत्र खिलावन साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

---

नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने कार्रवाई के विरूद्ध की शिकायत

# नपं के निष्ठा रजिस्टर से पृथक किए गए 6 प्लेसमेंट कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरुद में नियुक्त 6 प्लेसमेंट कर्मचारियों को उनके कार्य निष्ठा व आचरण के प्रति दोषी पाए जाने पर निष्ठा रजिस्टर से उनका नाम पृथक कर दिया गया है। नगर प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई को नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने द्वेषपूर्ण बताकर इसकी शिकायत कार्यवाहक प्रशासक तहसीलदार दुर्गा साहू से की है।

गौरतलब है कि नगर में सत्ता परिवर्तन के साथ नगर पंचायत कुरुद के 6 प्लेसमेंट कर्मचारियों को उनके कार्य के प्रति लापरवाही के चलते निष्ठा रजिस्टर से पृथक कर दिया गया है जिस पर अब राजनीति होनी शुरू हो गई है।

नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की सत्ता आने के बाद शपथ ग्रहण से पूर्व ही कई वर्षों से सेवा दे रहे प्लेसमेंट, स्वच्छता कमांडो एवं एसएसजी में नियुक्त कर्मचारी उत्तम साहू, रूपेंद्र चन्द्रकार, विकास देवांगन, नीरज कश्यप, एमन साहू एवं लेखनारायण बागे को राजनीतिक द्वेष से बिना किसी सूचना एवं शिकायत के कार्य से पृथक किया जा रहा है। नगर प्रशासक एवं सीएमओ को कर्मचारियों के हित में उन्हें पुनः कार्य में रखने की मांग के साथ जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन तक करने की लिखित शिकायत प्रशासक तहसीलदार दुर्गा साहू से की है।

मौके पर निर्वाचित पार्षद रजत चंद्राकर, श्रीमती मंजु प्रमोद साहू, राखी चंद्राकार, मनीष साहू , देवव्रत साहू, डुमेश साहू, उत्तम साहू मौजूद थे।



### प्रशासन की जगह निजी कामों में देते थे ज्यादा ध्यान

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत परिषद में दखल रखने वाले जनप्रतिनिधि या अधिकारी-कर्मचारी अपने निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए जरूरत से ज्यादा भी नगर में प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में नियुक्त कर प्रशासन की जगह अपने काम करवाने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा देते हैं जिसके चलते एक तरह से नगर को राजस्व क्षति भी हो रही थी। नगर पंचायत के ही एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि जो 6 प्लेसमेंट कर्मचारी पृथक किये गए हैं। वे वास्तव में नगर पंचायत का काम कम व किसी के निजी कार्य को करने में ज्यादा समय देते थे। कुछ तो ऑफिस में दिखाई ही नहीं देते थे। ऐसे में प्रशासन ने निष्ठा से नाम पृथक करने का काम उन्हें सबक सिखाने किया है। बहरहाल उनकी नियुक्ति पूर्ण रूप से खारिज नहीं हुई है। आचरण में सुधार कर लें तो उनकी निष्ठा फिर से शुरू हो सकती है।

### शिकायत पर हुई कार्रवाई

जिन 6 प्लेसमेंट कर्मचारियों का नाम निष्ठा रजिस्टर से पृथक किया गया है, उनका नगर पंचायत के कार्यों पर ध्यान नहीं रहता था। वे अपने निजी कार्य में ज्यादा व्यस्त रहते थे। इसके अलावा इनके खिलाफ नशापान कर ऑफिस आने की भी शिकायत मिली थी जिसके मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।

*- महेंद्र राज गुप्ता, सीएमओ नपं कुरुद*

---

## अटल आवास में महाशिवरात्रि पर हुआ विशेष अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के वार्ड क्रमांक 15 अटल आवास स्थित शिव मंदिर में प्रजापति परिवार द्वारा विशेष अनुष्ठान पूजन किया गया। भक्तिमय वातावरण में मंदिर के संस्थापक समाजसेवी संतोष प्रजापति ने अपने पूरे परिवार के साथ वार्डवासियों के साथ मिलकर पूजन वंदन कर जनकल्याण की कामना की।

बुधवार को दोपहर शुभ मुहूर्त में महाराज राकेश मिश्रा के सानिध्य में भोले बाबा के सम्मुख हवन-पूजन, अनुष्ठान किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संतोष प्रजापति और उनके परिवार द्वारा होने इस आयोजन में वार्ड के लोग शामिल होते हैं। इससे वातावरण में भक्ति और आस्था का अनुपम सैलाब उमड़ता है। हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय की गूंज से वातावरण इस बार भी मोहक हुआ।

## गरियाबंद नपा में नेता प्रतिपक्ष व उपाध्यक्ष चयन के लिए कांग्रेस ने राजेंद्र को बनाया पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

नगरीय निकाय चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वहीं जिस पार्टी को निकाय में विपक्ष की भूमिका मिली है वहां नेता प्रतिपक्ष का चयन भी किया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति मलकीत सिंग गैन्दू प्रभारी महामंत्री संगठन ने की है। नगरीय निकाय चुनाव के बाद गरियाबंद नगरपालिका के लिए उपाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष चयन हेतु राजेंद्र सोनी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से क्षेत्र का दौरा कर ज़िले के वरिष्ठ नेताओं, ज़िला प्रभारी, जिले के पदाधिकारी, क्षेत्रीय विधायक सहित स्थानीय संगठन के नेताओं से संपर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुए नगर पालिका गरियाबंद में उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष चयन निर्वाचन में जीत सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई करें।



ज्ञात हो कि राजेन्द्र सोनी पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी अध्यक्ष, अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति नगरी समेत संगठन में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। उन्हें संगठन में काम करने मे अच्छा अनुभव है, जिसे देखते हुए पार्टी ने गरियाबंद में पुन- उपाध्यक्ष प्रत्याशी व नेता प्रतिपक्ष चयन की अहम जिम्मेदारी दी है।

## कुंगेरा में तीसरी बार सरपंच एवं वार्ड पंच निर्विरोध चुने गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुंगेरा में तीसरी बार सरपंच एवं वार्ड पंचों का चयन निर्विरोध किया गया है। सरपंच मुकेश कुंजाम बनाए गए। मौके पर पंचम सिंह सलाम , शिवलाल नेताम, फूलसिंग नेताम, शंभूराम नेताम, गैंदू निषाद, बसन्त कावडे, खम्हनसिंग मरकाम समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे। सरपंच एवं वार्ड पंचों ने आभार रैली निकालकर ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों ने तिलक लगाकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

## नरसिंग तहसील युवा प्रभाग अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी की 69 वां महासभा ग्राम गोरेगांव में हुई।

ध्रुव गोंड़ के पांचों वंश का ध्वज एवं कलश स्थापना कर श्री बूढ़ादेव की स्तुति की गई। कन्याओं ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा पहन रखी थी। आदिवासी समुदाय को प्राप्त संवैधानिक अधिकार की जानकारी इस सम्मेलन की विषयवस्तु थी। सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। रूढ़ी प्रथा से समस्त प्रभाग के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। तहसील अध्यक्ष छेदप्रसाद कौशिल ने अपने दस वर्षीय कार्यकाल पूरा करने में समाज से मिले अपार सहयोग के प्रति आभार व्यक्त कर समिति को भंग किया। तहसील युवा प्रभाग अध्यक्ष नरसिंग मरकाम, उपाध्यक्ष संतोष नेताम, सचिव तुमेश्वर नेताम, सहसचिव जशवीर मरकाम, कोषाध्यक्ष कांता कुंजाम, संचालक गिरिवर गोपाल तथा मीडिया प्रभारी गितेश ध्रुव चुने गए।

महेंद्र नेताम, पूरन नेताम, संत नेताम, संतोष गंगेश, नीलू छैदेया, अरविंद नेताम ने पदाधिकारियों के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।



## बाहरराय बाबा के दरबार में हुआ मड़ई मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

महाशिवरात्रि पर्व पर बाहरराय बाबा के दरबार में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। दुगली, पंडरीडबरी और कोलियारी में आयोजित इस मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अजय फत्तेलाल ध्रुव थे। ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। भक्ति संगीत, लोक नृत्य और धार्मिक अनुष्ठान के बीच यह आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

## महादेव की उपासना का पर्व है महाशिवरात्रि : ठाकुर

- सनातन सेना एवं गाड़ा समाज द्वारा शिवलिंग की स्थापना की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सनातन सेना धमतरी एवं गाड़ा समाज साल्हेवारपारा के संयुक्त तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग की स्थापना की गई। अतिथि सनातन सेवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर थे। श्री ठाकुर ने महादेव से जन कल्याण की मंगल कामना की।

उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि महाशिवरात्रि शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवजी ने वैराग्य का त्याग कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया और माता पार्वती से विवाह किया। इसी कारण हर वर्ष शिव-गौरी के विवाह उत्सव के रूप में महाशिवरात्रि का आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि महादेव की उपासना का पर्व है। आगे कहा कि भगवान शिव से हमें कई सीखें मिलती हैं जैसे शांत रहना, बुराई से लड़ना, नकारात्मक चीज़ों को सकारात्मक रूप में लेना, जीवनसाथी के प्रति सम्मान और हर समय समान भाव रखना। समुद्र मंथन से जब विष बाहर आया तो महादेव ने पीया और उन्हें नीलकंठ नाम दिया गया।

ओंकारेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्यामू, अमित सोना, आयुष, पार्षद कोमल सार्वा, मीडिया प्रभारी अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, गोपाल साहू, डॉ विशंभर सिन्हा, गोल्डी जैन, संजय सिन्हा, जतिन देवांगन समेत अन्य उपस्थित थे।



## खिलावन अध्यक्ष व राजू उपाध्यक्ष चुने गए

- कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा क्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज ग्रामीण सांकरा क्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। 28 फरवरी 2025 से आगामी तीन वर्षों के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से खिलावन पटेल को अध्यक्ष, राजू पटेल को उपाध्यक्ष, पोखन पटेल को सचिव तथा बेदन पटेल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल तथा पटेल समाज ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल ने युवा शक्ति को समाज की रीढ़ बताते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया।



मौके पर तीरथ पटेल, ऋषि पटेल, संदीप पटेल, मनोज पटेल, खेमन पटेल, दुर्गेश पटेल, केशव पटेल, मिलेन्दर पटेल, पालेश पटेल, रूद्रेश्वर पटेल, मनीष पटेल, गोलू पटेल, गजेन्द्र पटेल, भावेश पटेल, देवेन्द्र पटेल, खमेश पटेल, चंद्र पटेल, हुकमी चंद पटेल, परमानंद पटेल, तोषक पटेल, सेवक पटेल, रूपेश पटेल, गुड्डू पटेल, रवि पटेल मौजूद थे।

---

वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने योजनाओं की भी दी जानकारी

## महिलाओं ने लोन लेने से लेकर फ्रॉड से बचने के तरीके सीखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की महिलाओं ने अपने व्यवसाय के लिए लोन लेने से लेकर डिजिटल बैंकिंग में बरती जाने वाली सावधानियों के साथ फ्रॉड से बचने के तरीके भी सीखे। जिले की महिला उद्यमियों को यह सब जानकारी जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने जिले की महिलाओं को साइबर हाईजिन, बैंकों की विभिन्न कार्यप्रणाली के साथ लेन-देन में होने वाले फ्रॉड आदि की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी।

इस कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक नवीन तिवारी सहित आरसेटी की संचालक अनीता टुडू और जिला समन्वयक अजीम हैदर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को बैंकों की बचत योजनाओं के साथ बजट और निवेश के बारे में भी बताया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक लोकपाल सिस्टम की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बैंकों से किसी भी प्रकार की शिकायत होने या कोई बैंकिंग-साइबर फ्रॉड होने पर बैंक लोकपाल से शिकायत की जा सकती है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि सायबर फ्रॉड, ऑनलाईन होने वाली धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों को 1930 नंबर पर फोन कर दर्ज कराया जा सकता है। ऐसी शिकायतें वेबसाईट सायबरक्राइम डाट जीओवी डाट इन पर भी सीधे दर्ज कराई जा सकती हैं। बैंक अधिकारियों ने महिलाओं के लिए इंटरप्रेन्योर लोन, मुद्रा लोन, स्वनिधि ऋण की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने इस दौरान महिलाओं को पेंशन योजना, शिक्षा लोन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बीमा योजना के प्रावधानों और उनसे होने वाले फायदों के बारे में भी बताया।





गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

Pride of Dhamtari

आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी: निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध: 94063-16777, 73890-66777
शांतिपुर पुरूर: सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, भोथागांव - 95754-57523, आंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### कुम्भकार समाज ने नवनियुक्त महापौर से की मुलाकात



**धमतरी।** ब्राह्मणपारा वार्ड के कुम्भकार समाज ने नवनियुक्त महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की एवं अपने समाज हित में कार्य करने का निवेदन किया। मौके पर पार्षद कोमल सार्वा, पार्षद संतोष सोनकर, दिनेश कुम्भकार, शिवनारायण छांटा, जगदीश कुम्भकार, रामस्वरूप कुम्भकार, शंकर कुम्भकार, धनेश, मोटू, विजय, खिलेश कुम्भकार, गगन कुम्भकार, जितेंद्र कुम्भकार, टुकेश्वर कुम्भकार सहित अन्य उपस्थित थे।

### नहर सत्याग्रह से कंडेल को मिली पहचान



**धमतरी।** ग्राम कंडेल में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सन 1920 में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव ने अंग्रेजों के विरुद्ध नहर सत्याग्रह किया। इससे राष्ट्रीय परिदृश्य पर गौरव ग्राम कंडेल को एक नई पहचान मिली। छत्तीसगढ़ में प्रथम बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आगमन हुआ। किसान नेता लीलाराम साहू, सरपंच गिरधर सर्वा, पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू, कामता मच्छेंद्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर नीरज साहू, रोशनलाल साहू, ओमप्रकाश सिंह, लोको सर्वा, जितेश लाल, बसंती साहू, सावित्री ढीमर, टिकेश्वरी ढीमर, लता साहू, यतिराम साहू, शंभु ढीमार, खेदूराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एमआर कमलवंशी तथा आभार प्रदर्शन यतीशभूषण श्रीवास्तव ने किया।

### धीवर समाज ने किया नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का सम्मान



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज राज्य परियोजना कण्डेल द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित सरपंच गिरधर सार्वा, लोक कुमार सार्वा पंच, लोकेश धीवर पंच, गीतेश्वर सार्वा पंच, श्रीमती टिकेश्वरी सार्वा, श्रीमती सावित्री धीवर, संतुराम धीवर, महेंद्र तारक दोनर, श्री बच्चन ओझा पंच खैरा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन परगना सचिव भोजकुमार धीवर ने किया। युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष भागीरथी धीवर ने सामाजिक उपयोगिता एवं राजनीतिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष चोवालाल धीवर ने किया। भगवान दीन मछेन्द्र ने भी अपने विचार रखे। नवनिर्वाचित सरपंच गिरधर सार्वा ने समाज हित के कार्यों में सदैव तत्पर रहने एवं सामाजिक एकजुटता हेतु प्रयास करने की बात कही। मौके पर दीनदयाल मत्स्यपाल , कुमार सार्वा, दीना सार्वा, संतोष लंजियारा, रेवाराम ओझा, देवराज धीवर, गोपाल धीवर, उत्तम धीवर, हीरुराम, नीलेश धीवर, समाज सेवक परमानंद धीवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### व्यायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ होता है : खेमचंद





**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद का शारीरिक वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बाजार चौक ग्राम चटौद में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए व्यायाम योग, समता और सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता हुई। आसन समुच्चय, दण्ड, पिरामिड (गोपूरम), योगचाप, नियुद्ध का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमचंद साहू नवनिर्वाचित सरपंच चटौद थे। अध्यक्षता दुलारूराम साहू अध्यक्ष पांञ्चजन्य शिशु संस्कार समिति चटौद ने की। विशेष अतिथि पेशनलाल, दुर्जनराम सोनगेर, डोमारसिह साहू, मनोज साहू, हरेन्द्र साहू, गैंदलाल साहू थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि व्यायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ होता है। व्यायाम और योग आसन को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित थे। प्रधानाचार्य रामगोपाल साहू ने आभार प्रकट किया।

गोरेगांव, सांकरा में आयोजित रामचरित मानस सम्मेलन के समापन पर शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

# ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास : प्रकाश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

हाल ही में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को मतदाताओं ने भारी समर्थन दिया है, जिससे क्षेत्र में विकास का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है। विकासखण्ड नगरी के ग्राम गोरेगांव और सांकरा में आयोजित श्री रामचरित मानस सम्मेलन के समापन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम गोरेगांव, सांकरा सहित कई गांवों में सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के पदों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत ने यह साबित कर दिया है कि जनता भाजपा की विकासवादी नीतियों में विश्वास रखती है।

#### मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा

गोरेगांव और सांकरा के ग्रामीणों ने विभिन्न निर्माण कार्यों की मांग रखी। इस पर श्री बैस ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री से चर्चा करेंगे और शीघ्र इन कार्यों को स्वीकृत कराकर पूर्ण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की हर जरूरत को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा की सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि धरातल पर काम करके दिखाती है।

#### भाजपा सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प

श्री बैस ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास भाजपा की नीति है। इसके तहत हर वर्ग, हर समुदाय, हर गांव तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कई योजनाएं हैं, जिनका सही क्रियान्वयन अब पंचायत स्तर पर भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा।

#### जनता ने किया भाजपा पर भरोसा

श्री बैस ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कर जनता का भरोसा जीता है और पंचायत चुनाव में मिली भारी जीत इसका प्रमाण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाएं।

#### ट्रिपल इंजन की ताकत से गांवों में आएगा बदलाव

श्री बैस ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार, राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार और पंचायत स्तर पर भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की सरकार मिलकर गांवों में तीव्र गति से विकास कार्यों को लागू करेगी। उन्होंने कहा कि अब गांवों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पक्की सड़कें, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और किसानों के लिए उन्नत कृषि योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अब समय आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए, जिससे अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचे। ट्रिपल इंजन की सरकार गांवों की दशा और दिशा बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

#### जनता के सहयोग से होगा संपूर्ण विकास

श्री बैस ने कहा कि सिर्फ सरकार बनाने से विकास संभव नहीं होता, इसके लिए जनता का सहयोग और सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वच्छता, शिक्षा, कृषि सुधार और सामाजिक सद्भाव जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दें। हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता के इस विश्वास को विकास कार्यों के जरिए और मजबूत करें। भाजपा की सरकार गांव, गरीब और किसान के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

#### सरकार की योजनाओं को लागू करने का संकल्प लिया

श्री रामचरित मानस सम्मेलन के समापन अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अरुण सार्वा सहित भाजपा के कई प्रमुख नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंचगण और अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार रखे और भाजपा सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

## गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई

■ आंगनबाड़ी में महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के जतन के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। महिलाओं, बच्चों व किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की देखरेख के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए जागृति शिविर का आयोजन कर गोदभराई की रस्म नवनिर्वाचित जनपद सदस्य रेखा साहू, नवनिर्वाचित सरपंच हावेश्वरी साहू, निर्मला रात्रे, मितानिन रामेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसुइया रात्रे, गोदावरी साहू सेक्टर सुपरवाइजर खिलेश्वरी सोनवानी की उपस्थिति में निभाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसुइया रात्रे ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला बाल विकास विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, बाल संदर्भ योजना संचालित हैं। कार्यक्रम में बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की शपथ जनप्रतिनिधियों को दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, अन्नप्राशन व कुपोषित बच्चों को सुपोषण टोकरी वितरित कर परिजनों को कुपोषित बच्चों के गुणवत्ता युक्त भोजन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया।

## बाल संरक्षण कार्यशाला में वासुदेव ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




यूनिसेफ द्वारा बाल संरक्षण पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का वासुदेव ने प्रतिनिधित्व किया है। यूनिसेफ, न्यू कांसेप्ट और एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान में बाल संरक्षण के लिए सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डीपीएस स्कूल में किया गया। कार्यशाला का वासुदेव पटेल ने प्रतिनिधित्व किया, जिसमें बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषय पर चर्चा की गई। नई गतिविधियों पर योजना बनाई गई। इस दौरान राज्य समन्वयक चेतन देसाई मौजूद रहे। इससे पूर्व वासुदेव केन्द्र शासन द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में यूथ आईकान के रूप में छग का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय युवा मंत्री मनसुख मांडविया के समक्ष विकसित भारत के लिए तकनीक, विकास भी विरासत भी, कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, महिलाओं को सशक्त बनाने का मॉडल प्रस्तुत किया था। उनका चयन यूथ एडवायजरी के लिए भी किया गया है। वासुदेव स्वयंसेवक के साथ ही इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन पर इंजीनियरिंग की है। वर्तमान में वे डीपीएस धमतरी में बच्चों की रोबोटिक क्लास लेते हैं।

### जनपद क्षेत्र क्र. 12 में शकुंतला, 14 में दिलीप की जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी शकुंतला रूपचंद देवांगन ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी को 1094 मतों से हराकर बीजेपी का परचम लहराया। उन्हें कुल 3398 वोट मिले है जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को 2304 मत मिल पाए। विजयी होने पर जीत का प्रमाण पत्र लेने भी प्रत्याशी पहुंचे। साथ ही कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान में मुलाकात करने पहुंचे।

जनपद क्षेत्र क्रमांक 12 में चारभाठा, सिरसिदा, गुदगुदा, कुहकुहा, भरदा, भैंसमुंडी गांव शामिल है। शकुंतला रूपचंद देवांगन ने कहा कि वह जनपद क्षेत्र के सभी 6 गांवों में विकास हेतु भरसक प्रयास करेंगे। विजय जुलूस निकालकर जनता का आभार व्यक्त किया। मौके पर धनेश देवांगन, प्रेमलाल साहू, सुरेश साहू, जगदीश सतनामी, नारायण देवांगन, टेक राम निषाद, तुलसी पटेल, दुर्योधन पटेल, राजू साहू, सोम साहू, हरि साहू, तुमेंद्र साहू, हितेश साहू, पोषण साहू, दिलीप साहू, केदार साहू, त्रिलोकचंद साहू, प्रभु साहू, यशवंत सिंहा, कृपा पटेल, रमेश देवांगन, पिंकी सिंहा, जानकी देवांगन, गिरिजा साहू, पुनिया साहू, सावित्री साहू, झाड़ू साहू, एवन साहू, हितेश साहू, ओमप्रकाश यादव, भानु साहू, रोशन साहू, धरम साहू शामिल रहे।

## कन्हारपुरी में हेमा 450 वोटों से जीतकर बनीं सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों का परिणाम कई बाहुबलियों को सोचने पर विवश कर दिया है तो कहीं मतदाताओं ने अपने विवेक से लोकलुभावन वादों, पायल, पैसा, साड़ी, शराब जैसे चुनावी प्रपंचों को नकारते हुए गांव की उन्नति और विकास के लिए योग्य प्रत्याशी के लिए बढ़-चढ़कर मतदान किया। 20 फरवरी को हुए मतदान में ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में 450 मतों से हेमा ब्रह्मदत्त गन्नीर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात देकर जीत दर्ज की है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर समर्थकों ने पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। इस जीत के बाद श्रीमती गन्नीर ने रिटर्निंग अधिकारी से प्रमाण-पत्र प्राप्त कर आम जनता का आभार जताते हुए कहा कि उनके भरोसे को पूरा करने के लिए हर परिस्थिति में तैयार रहेंगी और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के इस ध्येय के साथ पूरे पांच साल गांव की उन्नति के लिए काम करेंगी।

### अमरनाथेश्वर राम-जानकी मंदिर में रोज हो रही महाआरती

**नगरी।** सांकरा में मानस भवन के समीप स्थापित अमरनाथेश्वर राम-जानकी मंदिर में श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में रोज सुबह शाम भगवान श्रीराम जानकी की महाआरती हो रही है। महाआरती में आचार्य पं. उदेभानु दीवान, अध्यक्ष सुरेश साहू मानस सम्मेलन समिति सांकरा, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा, दुर्गाबाई साहू शामिल रहे।

## हाईस्कूल देवपुर में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह मना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल देवपुर में वार्षिक उत्सव एवं कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रा भोजकुमारी निषाद को सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का सम्मान प्रदान किया गया। छात्र पौरुष देवांगन का मल्टीनेशनल कम्पनी में चयन होने पर उनके पिता भगवान लाल देवांगन, नीलकमल साहू का कृषि विस्तार अधिकारी में चयन होने पर उनके पिता रेवाराम साहू, कुमारी पूजा कंवर का केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन होने पर उनकी मां ओमिन कंवर को सम्मानित किया गया।

प्राचार्य केपी साहू ने वर्ष भर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का वाचन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि देवलाल साहू सरपंच देवपुर थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य हरनारायण साहू ने की। विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव सरपंच सारंगपुरी, जगदीश साहू सरपंच ढीमर टीकुर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच चेतन यदु, आत्माराम ध्रुव थे। आभार प्रदर्शन व्याख्याता जितेंद्र कुमार दुबे ने किया।

# कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार व ईडी का फूंका पुतला

■ भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही : विधायक ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कांग्रेसियों ने गांधी मैदान केंद्र सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन किया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों की आवाज को कुचलने में जुटी है। सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग कर चुनाव जीत के बाद अपनी नाकामी छिपाने निम्न स्तर के कृत्यों का सहारा ले रही है। हम इस तरह के कृत्यों से डरने वाले नहीं हैं। इस तरह के कृत्यों से पार्टी नेताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा।

पीएम नरेंद्र मोदी विपक्ष को संसद के अंदर और बाहर अपनी आवाज नहीं उठाने दे रहे हैं। मोहन लालवानी, विजय देवांगन, आनंद पवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ईडी को विपक्ष के लिए हथियार की तरह उपयोग करने का काम कर रही है। भाजपा सरकार ने लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का कार्य किया है।

महाराष्ट्र में नवाब मलिक, नारायण राणे का जमीन घोटाला, हिमंत बिस्वा शर्मा का असम में शारदा घोटाला, शुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय का नारदा स्टिंग सहित अनेक बड़े-बड़े घोटालेबाज भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात बड़े-बड़े पदों में आसीन हैं। भाजपा वाशिंग मशीन की तरह है जहां अपराधियों के शामिल होने के बाद वह सभी अपराध मुक्त हो जाते हैं।

इस दौरान शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, सलीम रोकड़िया जिला कोषाध्यक्ष, कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत, आकाश गोलछा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस शहर, डीहूराम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, नरेंद्र सोनवानी अध्यक्ष युवा कांग्रेस, हितेश गंगवीर अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस, रामनाथ यादव, योगेश लाल, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, रामेश्वरी कोसरे, पारसमणि साहू, खिलेंद्र ध्रुव सदस्य जनपद सदस्य, राजेश ठाकुर, राजेश पांडये, प्रतिमा कोसरे, विक्रांत शर्मा, जिला सचिव विक्रांत पवार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी, डाकुवर साहू, राकेश मौर्य, तोगू गुरुपंच, भागी निषाद, अविनाश मरोठे, श्रवण साहू, लेखराम साहू, श्याम देवांगन, अनिल यादव, अजय सिन्हा, वातंजलि गोस्वामी, सूरज पासवान, गणेश्वरी कामड़े, लक्की साहू, अरविन्द साहू, राजू यादव, सुनील सिन्हा, श्रीकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वर्चुअल बैठक में हितों की अनदेखी को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का लिया निर्णय

## अजजा संघ 16 मार्च को करेगा अनशन

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ की वर्चुअल बैठक संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में पदोन्नति में आरक्षण की बहाली सहित अनुसूचित जनजाति वर्ग के विभिन्न संवैधानिक मुद्दों को शासन प्रशासन के ध्यान में लाने के बावजूद अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों की लगातार हो रही अनदेखी को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। श्री ध्रुव ने बताया कि पदोन्नति में आरक्षण की शीघ्र बहाली सहित विभिन्न संवैधानिक हितों की रक्षा हेतु 16 मार्च को तूता में एकदिवसीय अनशन किया जाएगा। नगाड़ा बजाकर सरकार को जगाने का प्रयास करते हुए दोपहर बजे रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं चीफ सेक्रेटरी के नाम ज्ञापन सौंपा जावेगा। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन का विस्तार किया जाएगा। विधिक सलाहकार एमआर ध्रुव ने विभिन्न संवैधानिक पहलुओं पर जानकारी दी। प्रांतीय महासचिव एनआर चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त किया। तकनीकी सहयोग गजलू पोडियाम प्रांतीय संयुक्त सचिव ने किया। बैठक की कार्यवाही संयुक्त सचिव एसपी ध्रुव एवं प्रांतीय सदस्य भरत लाल मार्को द्वारा की गई। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, एमपी सिंह तंवर, कोषाध्यक्ष ललित मोहन भगत, सचिव जयसिंह राज, श्रीराम ध्रुव, प्रो. लवन सिंह कंवर, संयुक्त सचिव डॉ. कैलाश मरकाम, जयश्री कुमार रोहित, मंगलू कश्यप, देवलाल दुग्गा, प्रांतीय सदस्य सुरेंद्र भोई, टामेश्वर ठाकुर, डॉ. कृपाराम ठाकुर ,नाथूराम ध्रुव, जीआर कंवर, नरसिंह ध्रुव, चंद्रेश ठाकुर, योगेश ठाकुर, राजदेव राम लकड़ा, साधुराम नेताम, अजयप्रताप सिंह, लखेश्वर श्याम, श्रीमती सुजाता ध्रुव, यामिनी नेताम, रामप्रसाद नेताम कांकेर, मन्ना नेताम, डीएस नेताम, गेवाराम नेताम, दिलीपसिंह परते सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सलोनी स्कूल के बैंकिंग छात्रों की हुई इंटर्नशिप

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलोनी में अध्ययनरत 11वीं और 12वीं के बैंकिंग छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम कराया गया। इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रोजगारोन्मुखी बनाना है जिससे वे भविष्य में बैंकिंग संबंधित संस्थाओं में नौकरी कर रोजगार प्राप्त कर सके। कक्षा 11 वीं के छात्रों की इंटर्नशिप ओम चॉइस सेंटर भंवरमरा व 12 वीं के छात्रों की इंटर्नशिप एचडीएफसी बैंक सलोनी में कराई गई। संस्था प्रमुख ने 10 दिवस तक छात्रों को बैंक व चॉइस सेंटर में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। ग्राहक सेवा के बारे में बताया। स्कूल के प्राचार्य आरके गुप्ता एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक करणजीत सिंग रैनो के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ।

### नपं के पूर्व उपाध्यक्ष ने 15 नग कुर्सियां भेंट की

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए अपनी स्वमद राशि से 10 लोहे की एवं 5 सीमेंट की कुर्सियां विभिन्न समाज और सार्वजनिक स्थलों को भेंट की।

एक मार्च से समर्थन मूल्य पर शुरू हुई चना की खरीदी

# एक खरीदी केंद्र में पहुंचा चना, तीन में बोहनी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में पहली बार समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी शुरू की गई। चार खरीदी केंद्रों में खरीदी का शुभारंभ किया गया। तीन खरीदी केंद्रों में तो पहले दिन बोहनी नहीं हुई। एक खरीदी केंद्र तरसींवा में दो किसानों से 10 क्विंटल चना खरीदा गया। चना की कटाई मिंजाई जोरों पर है। कुछ दिन बाद खरीदी के जोर पकड़ने की उम्मीद है। जिले में 1 मार्च से चना की खरीदी शुरू कर दी गई है। चना खरीदी के लिए जिलेभर में चार खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। धमतरी विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति तरसींवा और लोहरसी को खरीदी केंद्र बनाया गया है। इसी तरह कुरूद विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रामपुर और कातलबोड़ को खरीद केंद्र बनाया गया है। पहले दिन सभी खरीदी केंद्रों में पूजा-अर्चना कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दिन मात्र तरसींवा खरीदी केंद्र में चना की आवक हुई। सबसे पहले ग्राम पीपरछेड़ी के किसान गंभीरराम साहू चना लेकर पहुंचे। इसके बाद सांकरा के किसान मुरलीधर साहू भी चना लेकर पहुंच गए। दोनों किसानों से 5650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से चना खरीदा गया।



### चने की फसल से राहत

चना बेचने आए सांकरा के किसान मुरलीधर साहू ने बताया कि पिछले साल तक वे गर्मी में अपने खेत में धान लगाते थे। धान की फसल में पानी ज़्यादा लगता था साथ ही लागत भी ज़्यादा थी। मजदूरों की समस्या से स्वयं और परिवार को खूब मेहनत करनी पड़ती थी। मंडी में बोली लगाकर या बिचौलियों के यहां कम दाम पर बेचना पड़ता था। उन्होंने बताया कि इस बार जिला प्रशासन और कृषि विभाग की समझाइश पर गर्मी में धान के बदले चना की फसल लगाई। फसल की लागत धान के मुक़ाबले लगभग आधी पड़ी और पानी भी बहुत कम लगा। समर्थन मूल्य पर खरीदी होने से बिचौलियों से मुक्ति मिल गई है। धान की अपेक्षा चना से लगभग दो गुना फ़ायदा हो रहा है। किसान गंभीरराम साहू ने बताया कि चने की फसल से पानी की बचत हुई है। इससे जमीन में पानी का लेवल भी बढ़ेगा, खेत की मिट्टी की सेहत ठीक होगी। खेती की लागत कम होने से किसानों को अच्छा फायदा मिलेगा।

### चल रहा पंजीयन

चना की खरीदी शुरू होने के बाद भी किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि मोनेश कुमार साहू ने बताया कि चना की फसल लगाने वाले किसान अपना पंजीयन किसान पोर्टल पर अभी भी करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को अपने खेत की ऋण पुस्तिका, आधार नम्बर, बैंक पास बुक और मोबाइल नम्बर के साथ आवेदन अपने क्षेत्र की सहकारी समिति में जमा करना होगा। पोर्टल पर पंजीयन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा फ़सल का सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने किसानों से पोर्टल पर पंजीयन कराने और फसल का वाजिब दाम लेने की अपील की है।

### साढ़े नौ हजार से अधिक किसानों का पंजीयन

चना खरीदी के लिए अब तक 9676 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। धमतरी तहसील में 5278, कुरूद तहसील में 3909, मगरलोड में 311 और नगरी तहसील में 158 किसानों ने चना बेचने के लिए पंजीयन कराया है। किसानों ने बताया कि इस साल चना की फसल काफी अच्छी है। धान की फसल को छोड़कर कई किसानों ने चना की फसल लगाई है। पंजीयन चालू रहने से कई किसान और पंजीयन कराएंगे। उन्होंने बताया कि चना की कटाई मिंजाई का दौर चल रहा है। ऐसे में किसान थोड़े दिनों बाद चना बेचने के लिए खरीदी केंद्र पहुंचेंगे।

## तहसील ब्राम्हण समाज धमतरी के सूर्यकांत अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तहसील ब्राम्हण समाज धमतरी के पदाधिकारियों का चुनाव पंडित संतोष तिवारी की अध्यक्षता में विप्र विद्वत परिषद में हुआ। अध्यक्ष पद पर सूर्यकांत तिवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप पांडेय एवं श्रीमती पूजा मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव अमन पांडेय एवं सहसचिव के पद पर श्रीमती सरिता दीवान का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, डॉ. अनंत दीक्षित, विनोद कुमार पांडेय, बीपी तिवारी, विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष अशोक पांडेय, राकेश दीवान, होमन प्रसाद शास्त्री, दीप शर्मा, लोकेश पांडेय, डॉ. प्रदीप शर्मा, अतुल तिवारी, अयोध्या पांडेय, हिमाचल पांडेय, कामता प्रसाद शर्मा, आशुतोष शर्मा, प्रहलाद शर्मा, प्रमोद पांडेय, विनोद पांडेय, विकास शर्मा, निशांत शर्मा, यशवंत पांडेय, अजय दुबे, कमलनारायण तिवारी, अजय शर्मा, जैनेन्द्र शर्मा, युवराज शर्मा, राजकुमार तिवारी, प्रीतेश शर्मा, अर्चना पांडेय, बरखा शर्मा, राजश्री पांडेय, मंजु चौबे, रानी तिवारी, प्रार्थना पांडेय, सीमा उपाध्याय, स्वाति शर्मा, क्षमा मिश्रा, पूजा मिश्रा, संजू मिश्रा, नीतू त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र में मौसम अलग-अलग

## कहीं पारा चढ़ेगा तो कहीं गिरेगा


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी दिनों में प्रदेश के मौसम में अलग-अलग स्थिति रहेगी। छत्तीसगढ़ के उत्तर में तापमान गिरेगा। मध्य छग में तापमान वृद्धि के बाद फिर गिरावट आएगी, वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में हुई बर्फबारी और बारिश का असर छत्तीसगढ़ में देखने को मिलेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के उत्तर, मध्य तथा दक्षिण में मौसम का अलग-अलग प्रभाव रहेगा। उत्तर छग में रविवार को अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद तीन दिनों में 2 से 3 डिग्री तापमान में गिरावट आ सकती है। मध्य छग में सोमवार तक अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि होगी। उसके बाद 1 से 3 डिग्री तापमान की गिरावट आ सकती है। दक्षिण छग में आगामी 4 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। न्यूनतम और अधिकतम तापमान 36 से 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## खड़ी कार में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**धमतरी।** लंबे समय से खड़ी पुरानी कार में अचानक ही आग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया तब तक कार जलकर खाक हो गई थी। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना जिला अस्पताल के पास स्थित



सिविल लाइन की है। यहां एक महिला अधिकारी का बंगला है। उनकी पुरानी सफारी कार कई दिनों से बंगला के सामने ही खड़ी थी। शनिवार की दोपहर अचानक ही इस कार से धुआं उठने लगा और कार में आग लग गई। देखने वालों ने सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायरमैन नंद कुमार निषाद, देंवेद्र साहू, वाहन चालक जितेश साहू मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। इस घटना से कोई आहत नहीं हुआ है।

## मिट्टी के घड़े-सुराही बनाने में जुटे कुम्हार परिवार

- सुराही 30 से 50 तो घड़ा 80 से 100 रुपए में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देशी फ्रिज के नाम से मशहूर मिट्टी के घड़े-सुराही गर्मी आती ही खूब बिकते हैं। लोग पानी पीने के लिए इन बर्तनों का उपयोग 4 माह के लिए करते हैं। विज्ञान और आयुर्वेद ने भी यह सिद्ध कर दिया है कि मिट्टी के घड़े और सुराही का पानी अमृत तुल्य है। शरीर के लिए काफी फायदेमंद है। गर्मी के सीजन में मिट्टी के बर्तन में रखा ठंडा पानी लोगों को लुभाता है। प्यास बुझाने के साथ शरीर को बिना नुकसान के तरोताजा हो जाता है। इन दिनों कुम्हार परिवार मिट्टी के बर्तन, घड़ा व सुराही बनाने में जुट गए हैं।

बाजार में 30 रुपए से लेकर 80-100 रुपए में मिट्टी के घड़े-सुराही आसानी से मिल जाते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले शंकर कुम्भकार, गगन कुम्भकार बताते हैं कि इसके लिए दो माह पहले से ही तैयारी कर लेते हैं।



फसल कटने के बाद काली चिकनी मिट्टी मंगवाकर उसे कंकड़रहित बनाते हैं। फिर उसे गूंथकर पूरी तरह मुलायम बनाते हैं। गीली मिट्टी में एक भी कंकड़ नहीं रहता तभी घड़े और सुराही में मजबूती आती है। मिट्टी के चॉक में रखकर घड़े को आकार देना पड़ता है फिर उसे सावधानीपूर्वक निकालकर धूप में सुखाते हैं। सूखने के बाद भट्ठे में लाल होते तक पकाते हैं। अच्छे से पकने के बाद ही उस पर प्राकृतिक रंगों से पेंटिंग की जाती है। उनका कहना है कि इस परम्परागत काम में काफी मेहनत है। महंगाई के इस दौर में घड़े की प्राइज नॉमिनल है, फिर भी इस व्यवसाय से जुड़े हैं।

कुम्भकार परिवार ने कहा कि उन्हें शहर के अंदर सर्वसुविधा बाजार दिया जाए ताकि अपने उत्पाद आसानी से बेच सके। उनका कहना है कि कुम्भकार परिवार सड़क किनारे बैठकर व्यवसाय करते हैं जिससे वे असुरक्षित महसूस करते हैं। बिजली, पानी, छांव की कमी रहती है।

## नालियों से गुजर रही पानी पाइप लाइन की हो रही शिफ्टिंग



### शहरवासियों को होगा सीधा लाभ

इस परियोजना के पूरा होने के बाद धमतरी के नागरिकों को बिना किसी रुकावट के स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी वार्डों में कार्य सुचारू रूप से पूरा हो, ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जलभराव और प्रदूषण से मिलेगा छुटकारा

पुरानी पाइपलाइन के कारण कई क्षेत्र में जलभराव और गंदे पानी की समस्या बनी रहती थी। पाइपलाइन शिफ्टिंग के बाद इन समस्याओं से निजात मिलेगी। स्वच्छ जल आपूर्ति के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था भी बेहतर होगी, जिससे नागरिकों को अधिक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा।

- महापौर रामू रोहरा ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने की दिशा में महापौर रामू रोहरा की अगुवाई में पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य तेजी से जारी है। पहले नालियों के भीतर से गुजर रही पुरानी पाइप लाइन के कारण पानी प्रदूषित हो जाता था, लेकिन अब इन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। लगभग 85 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से यह कार्य पूरे 40 वार्डों में किया जा रहा है। महापौर रामू रोहरा ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। वे स्वयं इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं, जिससे कार्य की गति बनी रहे और नागरिकों को जल्द ही स्वच्छ और सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से मृतकों के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। धमतरी तहसील के ग्राम पुरी निवासी बृजलाल निर्मलकर की विद्युत पोल के टूटे तार के सम्पर्क में आने की वजह से मृत्यु हो गई। फलस्वरूप उनके पुत्र पुनउराम को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह कुरूद तहसील के ग्राम संकरी निवासी जगदीशराम साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती विराज बाई साहू को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020



### शिव सरोवर में सहस्त्र ज्योतिर्लिंग झांकी का उद्घाटन

- आज यह शिव सरोवर शिवमय हो गया: रोहरा

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव सरोवर में सहस्त्र ज्योतिर्लिंग झांकी का उद्घाटन नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा, दीपक लखोटिया, मोहन लालवानी, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, नवनिर्वाचित पार्षद विभा चंद्राकर, राकेश चंदवानी, सरिता दीदी ने किया। बीके सरिता ने अपने उद्बोधन में कहा कि परमात्मा शिव का इस धरा पर अवतरण हुए 89 वर्ष हो रहे हैं। विश्व परिवर्तन की यह महान घड़ी चल रही हैं। परमात्मा शिव के अवतरण के पर्व को शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। अज्ञात अंधेरे में सोई हुई आत्मा को ज्ञान के दीपक से जगाना ही सच्चा जागरण है। अपने अंदर की बुराइयों को परमात्मा के सामने त्यागने का संकल्प करना ही अख धतूरा चढ़ाना है। परमात्मा शिव सदा ही कल्याणकारी हैं। रामू रोहरा ने कहा कि आज यह शिव सरोवर शिवमय हो गया है। दीपक लखोटिया ने कहा कि शिव सरोवर विश्व सेवा के लिए तैयार हो रहा है। यहां आकर अपनी आध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं। अंत में सभी ने शिव का झंडा फहराया। झांकी का आयोजन रत्नाबांधा रोड स्थित शिव सरोवर में सिटी हॉस्पिटल के पास किया गया है।

## युकां प्रदेश प्रवक्ता लिली बनीं जनपद सदस्य

- जनपद क्षेत्र क्र. 19 में हुआ कांग्रेस का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 से सिर्री निवासी लिली श्रीवास ने 1240 मतों से लीड कर शानदार जीत हासिल की है।

विदित हो कि सिर्री जनपद में कुल्हाड़ी, ढेठा, फुसेरा, चिंवरी, सिर्री शामिल हैं। इस चुनाव में ग्राम पंचायत फुसेरा की पूर्व सरपंच पूजा लोकेश साहू भाजपा समर्थित प्रत्याशी थी। वहीं कांग्रेस ने युकां प्रदेश प्रवक्ता सुश्री लिली श्रीवास पर भरोसा जताया था।

सिर्री जनपद में चुनाव परिणाम चौंकाने वाला था। लिली श्रीवास को 3355 मत वहीं पूजा साहू को 2115 मत प्राप्त हुए। एक ओर जहां बीजेपी



सत्ता के चलते बी जे पी प्रत्याशियों की जीत की लहर और बोलबाला रहा। वहीं सिर्री जनपद में परिवर्तन की लहर देखी गई। युकां प्रदेश प्रवक्ता सुश्री लिली श्रीवास ने जनपद सदस्य पद पर अकेले अपने दम पर कांग्रेस का परचम लहरा दिया।

विदित हो कि सुश्री श्रीवास भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सहयात्री भी रह चुकी हैं। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सुश्री श्रीवास पर सिर्री जनपद के 5 गांवों की जनता ने विकास के लिए भरोसा जताया। सुश्री श्रीवास ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए सभी गांवों में विकास करने लगातार प्रयासरत रहने की बात कही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर 15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

HIRING TEACHERS
KINDERGARTEN PRIMARY & SECONDARY
VKMS Group is now hiring qualified teachers for Kindergarten Primary and Secondary Sections.
REGISTER YOUR CANDIDATURE ON : vkmemorialschool.org
FOUNDATION SECTIONS
KG Teacher/ Asst. Teacher - 04 Graduate and good command over English
Computer Teacher - 01 (MCA/BCA with Good Computer Knowledge)
PE Teacher - 02 (Male & Female) (BPED)
PRIMARY & MID PRIMARY SECTION
Hindi Teacher - 01 (B.A, B.Ed/D.led)
Science Teacher - 01 (B.Sc, B.Ed)
Sanskrit Teacher - 01 (M.A, B.Ed)
Mathematics Teacher - 01 (M.Sc., B.Sc., B.Ed)
English Teacher - 01 (M.A. English)
SECONDARY SECTIONS (PGT)
Physics/Mathematics/Biology - 03 (M.Sc, B.Ed)
Economics/Social Science/Commerce Teacher - 03 (M.com, M.A. Eco. B.Ed)
PLEASE NOTE : Walk in Interview on 3rd March 2025 from 11am to 2pm with all your resumes Excellent verbal and written communication skills in English.
CONTACT US - 8889995560, 7000205582, 8770579279

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025 — 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर
गायत्री मंदिर, कुरूद में 04 मार्च, मंगलवार
सूरज मेडिकल घड़ी चौक, धमतरी में 05 मार्च, बुधवार
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
चिकित्सा एवं जांच शिविर
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
किडनी एवं मूत्र रोग : पेशाब नली मे सिकुड़न (Uritheral Stricture)
क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है? पेशाब नली मे सिकुड़न (Uritheral Stricture), प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH), UTI बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना। मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना। ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है। अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी, पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction)
गठियावात (अर्थराइटिस), न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
(RA Factor Positive) • युरिक एसिड का बढ़ना • लकवा • स्ट्रोक • स्लिप डिस्क • रीढ़ की हड्डी में दर्द • सयाटिका • न्यूरोपैथी (नशो में दर्द, जलन, झुनझुनी)
• L-4, L-5 नशो में दबाव के कारण अकड़न, चलने में दर्द, झुनझुनी एवं शून्यपन।
जर्मन दवाईयों पर 20% छूट
ECG (हार्ट की जांच) BMI (हड्डी की जांच) मोटापे की FREE जांच
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581